





# युवकों का फैशन बन गया नशा, रईशजादे करते हैं तरह तरह के नशे

## महानगरों समेत छोटे शहरों में भी पांव पसार चुका है नशा, इसका असर अब पन्ना जिले में देखने को मिल रहा है

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 जनवरी। ड्रग माफिया का हाईप्रोफाइल वर्ग का कसता शिकंजा पहले बडे शहरों में देखा व सुना जाता था अब यह छोटे शहरों में बढ़ रहा है। बडे शहरों मे जहां रेव पार्टियो मे खुलेआम ड्रग्स ली जाती है। इससे साफ हो रहा है कि पहले जो काला धंधा छिप छिपकर हो रहा था वह महानगरों समेत छोटे शहरों मे भी पांव पसार चुका है। इसका असर अब पन्ना जिले में देखने को मिल रहा है।**

शहर के कई ऐसे होटल हैं जहां रेव पार्टियां का आयोजन आए दिन शहर मे किया जाता है। जहां स्थानीय रहीस जादों के साथ कुछ विदेशी पर्यटक भी शामिल होते है और उस पार्टी में चुनिंदा लोगों को ही शामिल किया जाता है किसी प्रकार रंग में भंग न हो सके इसके लिये होटल के संचालकों व आयोजकों द्वारा पूरी जिम्मेदारी ली जाती है। ग्राहकों को बांधे रखने के लिये होटलों के अलावा शहर से दूर कुछ फॉर्म हाउसों पर भी इस तरह की पार्टियां का आयोजन किया जाता है जिसमें 50 से अधिक ऐसे लोग शामिल हैं। जो न सिर्फ रेव पार्टियां मे भाग लेते हैं बल्कि नियमित रूप से ड्रग्स का सेवन भी करते हैं ऐसे लोगों के लिये बडे महानगरों से उनके एजेंटों के द्वारा उनकी हर जरूरत को सामान उपलब्ध कराया जाता है और उनकी हर जरूरत का खास ख्याल रखा जाता है। पुलिस विभाग की जानकारी में ऐसे रहीस जादों की संख्या सैंकड़ों मे है लेकिन वो उनके पॉवर व रूतवे के कारण उन पर हाथ डालने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। हालांकि एक सवाल उसके दिमाग मे उठता है कि आखिर क्या है कि जो अच्छे घरों के युवक युवतियां भी नशे के इस समुंदर मे गोते खा रहे हैं। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि आज के युवा शीघ्र से शीघ्र कामयाब होने का सपना देखते हैं और उसके चलते वे जब बडे लोगों की टच में आते हैं तो फिर उनके साथ अपने आप को जोड़ने की चाहत इस दलदल मे जा फंसते हैं। एकाकीपन, तनाव व दूसरों की देखा देखी ही लोग इस ओर कदम बढ़ाते हैं इसके साथ ही स्टेट्स सिम्बल के लिये कुछ भी करने का चलन इन आदतों का बढ़ावा दे रहा है।

### मीठा जहर है धूम्रपान

धूम्रपान करना स्वास्थ्य के लिये मीठा जहर है इससे आज समाज का हर दूसरा आदमी ग्रसित है फिर भी लोग इसको मौज मस्ती के साथ सेवन कर रहे हैं। अब इनके ऊपर सरकारी आदेश किस प्रकार काम कर रहे हैं उसकी कल्पना करना भी समझ से परे हैं। सरकार ने इसे रोकने के लिये धूम्रपान अधिनियम भी बना रखा है। नौजवान इस लत को पहले शौक शौक से शुरू करते स्कूल कॉलेज से सफर शुरू होता हुआ एक दिन लत में बदल जाता है। आज नौजवान पीढ़ी इसका बहुत अधिक सेवन कर रही है जो अब आदी हो गए हैं। धूम्रपान से सामाजिक बुराईयां जन्म ले रही हैं। जिनको मिटा पाना शायद संभव ही नहीं है। इसकी जडें इतनी मजबूत हैं कि हर एक दूसरा व्यक्ति आदि होकर इसका लुफ्त उठा रहा है, सरकारी कार्यालयों जैसे हाईकोर्ट, महाविद्यालय मे स्लोगन भी लिखे रहते है कि धूम्रपान करना सख्त मना है बावजूद इसके लोग जमकर इसका उपयोग ऐसी जगहों पर करते हैं। सरेआम सरकारी फरमानों की धज्जियां उडाते हैं। वहीं सामाजिक संस्थाएं अपने स्वार्थ के लिये काम कर रही हैं सिर्फ दिवस वाले ही दिन रैलियां गोष्ठियां आयोजित कराती है उसके बाद न तो कोई पहल होती है इन्हें रोकने के लिये न ही कोई प्रयास किए जाते हैं। आज एनजीओ भी इसमें बहुत बड़ा योगदान दे रहा है लेकिन वह भी अपना काम स्पष्ट न कर टाल मटोल वाली स्थिति पर छोड़ रहे हैं।

### नहीं चला कानून का डंडा

सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना प्रतिबंधित किया गया है। लेकिन देखने मे आया है कि सबसे अधिक सार्वजनिक स्थानों पर ही इसका उल्लंघन किया जा रहा है। धूम्रपान के आदी लोग इस विषय में कतई यह नहीं सोचते हैं कि उन्हें कहां धूम्रपान करना चाहिये और कहां नहीं। लोगों को तलब लगी और निकाल ली बीडी और सिगरेट। इससे किसी को आपत्ति भी होगी यह भी वे नहीं सोचते। दरअसल ऐसे मामलों मे जो लोग इसका सेवन नहीं करते हैं, उन्हें इस पर आपत्ति जताना चाहिये। लेकिन संकोच के चलते वे भी खामोश होकर बैठ जाते हैं और धुंए का शिकार होते रहते हैं। होना तो यह चाहिये कि ऐसे लोगों को इसका विरोध करना चाहिए और बात बिगड़ने पर लोगों की मदद से पुलिस के हवाले करना चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर कमोवेश सभी को धूम्रपान करते हुए देखा जा सकता है लेकिन ऐसे स्थानों पर देखा गया है कि पुलिस का काफी अभाव होता है जिसका फायदा ऐसे लोग उठाते हैं। बस स्टैंड या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की कार्रवाई न के बराबर हैं। जब तक ऐसे मामलों मे कठोरता से कार्रवाई नहीं होती तब तक कुछ नहीं किया जा सकता है। सरकार ने इसको रोकने के लिये भरसक प्रयास किये और इसके लिये एक मुहिम चलाई जो सरकारी कार्यालयों मे लागू की गई, लेकिन सबका नतीजा सिफर रहा और आज सरकारी फरमानों की धज्जियां सरेआम उडाई जा रही हैं।



# केन्द्रीय राज्य मंत्री के मुख्यातिथ्य में विधायक कप टूर्नामेंट आयोजित

## क्रिकेटर शशांक सिंह रहे मुख्य अतिथि

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 जनवरी। आज विधायक कप का समापन छत्रसाल स्टेडियम में खेल प्रेमियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय जनजाति राज्य मंत्री दुर्गा दास विशिष्ट अतिथि के रूप में क्रिकेटर शशांक सिंह कार्यक्रम के अध्यक्षता सांसद बी डी शर्मा तथा कार्यक्रम के संयोजक के रूप में बृजेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री दुर्गा दास ने कहा की निश्चित ही पन्ना में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है आज उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखकर लगता है कि इनमें से अधिकांश खिलाड़ी राज्य और नेशनल की शोभा बढ़ाएंगे। इन खिलाड़ियों के आगे बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से कोई भी कसर नहीं छोड़ी जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्रिकेटर शशांक सिंह ने कहा की निश्चित ही राष्ट्रीय खिलाड़ी भी इसी तरह के मैदान में खेले हैं धीरे-धीरे कोई भी खिलाड़ी जिला स्तर से संभाग स्तर संभाग स्तर से राज्य स्तर से नेशनल स्तर पर जाता है और इन सब को आगे बढ़ने के लिए नींव जरूरत पड़ती है और मैं आप लोगों के सामने गर्व से कह सकता हूं कि आपके विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह आपको आगे बढ़ाने के लिए नींव का काम कर रहे है। विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हम आगे भी ऐसे आयोजन करवाते रहेंगे जिससे खिलाड़ियों को उत्साह वर्धन हो पाएगा। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के अवसर हमारे द्वारा प्रदान किए जाएंगे और और इनमें से उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को हमारे द्वारा हर संभव मदद की जाएगी। इस प्रकार पन्ना सिटी - 2 ने फाइनल मुकाबले में दमदार प्रदर्शन करते हुए '17 रनों से जीत' दर्ज की और विधायक कप 2026 की विजेता बनी। मैच के समापन पर खिलाड़ियों, आयोजकों एवं दर्शकों ने विजेता टीम को बधाई दी और खेल भावना की सराहना की।



# पूज्य संतों का पुष्प वर्षा के साथ नगर में हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

**सलेहा/पन्ना 10 जनवरी। गणाचार्य परम पूज्य श्री 108 विराग सागर महा मुनिराज के शिष्य, परम पूज्य श्री 108 श्री विशुद्ध सागर महा मुनिराज के शिष्य दिगंबर महा मुनिराज श्री 108 अनुपम सागर, मुनिराज परम पूज्य 108 श्री विनिशोध सागर जी महाराज, मुनिराज परम पूज्य 108 श्री निर्मोह सागर जी महाराज सहित मुनि संघ का सलेहा नगर आगवन पर जैन समाज सहित नगर वासियों द्वारा अगवानी की गई।**

इस दौरान जगह-जगह मुनिराज जी का पुष्प वर्षा, चरण बंधन, पूजन के साथ स्वागत किया गया ।नगर की माताओं एवं बहनों द्वारा रंगोली ,तोरण द्वार एवं संस्कृत प्रस्तुति के द्वारा अगवानी की गई ,नवयुवकों द्वारा धार्मिक जयकारों के उद्घोष के साथ जैन मंदिर में पूज्य संतों का प्रवेश हुआ।

सलेहा नगर में गत दिनों पंचकल्याणक महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है, यह आयोजन सलेहा नगर की गौरव गणिनी आर्यिका 105विन्ध श्री माताजी के निर्देशन में संपन्न होना है ,जिसके तहत सलेहा नगर के गौरव श्री 108 अनुपम सागर जी, श्री 108 विनिशोध सागर जी की जन्मस्थली सलेहा नगर में होने के चलते पूज्य संतों के आगमन पर सलेहा नगर वासियों ने अधिक उत्साह के साथ स्वागत किया गया ।जिससे सुबह का वातावरण धर्ममय हो गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

# बेटी की शादी तय करने पर अपनों ने ही ढाया कहर

नवभारत न्यूज

**पवई/पन्ना 10 जनवरी। पवई थाना अंतर्गत ग्राम रेहुटा में एक पिता को अपनी बेटी का रिश्ता तय करना उस वक्त भारी पड़ गया, जब उसके ही सगे भाइयों ( ताऊ और चाचा ) ने घर पर हमला बोल दिया।**

मामला महज शादी पक्की होने की रंजिश का है। आरोपियों ने 20 वर्षीय युवती पार्वती और उसके पिता प्रेमलाल कुशवाहा को बेरहमी से लात-घूसों और डंडों से पीटा।



बीच-बचाव करने आई बेटी पर आरोपियों ने डंडे से हमला किया, जिससे उसकी आँख पर गंभीर चोट आई है। हमलावरों ने धमकी दी है कि अगर तय जगह पर शादी की, तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। पीड़िता की शिकायत पर पवई थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं (296।, 115(2), 351(2) और 3(5)) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस फिलहाल फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# धरमपुर पुलिस ने फरार स्थाई वारण्टी को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 जनवरी। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशानुसार पन्ना जिले में स्थाई, साक्षी एवं गिरफ्तारी वारंट की तामीली हेतु विशेष अभियान चालाया जा रहा है।**

पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चैहान के मार्गदर्शन में पन्ना जिले के समस्त थाना/चैकियों में थाना/चैकी प्रभारी के नेतृत्व में अधिक से अधिक वारंटों की तामीली किये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया था।



इसी तारतम्य में थाना प्रभारी धरमपुर उनि अनिल सिंह राजपूत के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा स्थाई वारण्टी के संबंध में सूचना दी गई।

पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर स्थाई वारण्टी लालाराम पिता झल्लू लोध निवासी माखनपुर थाना धरमपुर को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अजयगढ़ के प्रकरण क्रमांक 691/22 धारा 34 आबकारी एक्ट में फरार था। न्यायालय द्वारा वर्ष 2022 में आरोपी के विरूद्ध स्थाई वारण्ट जारी किया गया था।

# नगर परिषद अध्यक्ष, सीएमओ ने मेला स्थल का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 10 जनवरी। मकर संक्रांति पर्व पर राजा शाही जमाने से अजयगढ़ में मकर संक्रांति का अजयगढ़ में मेला लगता है नीचे शहर बस्ती से लेकर अजय पाल किले ऊपर पहाड़ी तक भरता है इसकी तैयारियां जोरों पर है।**

राजा शाही जमाने में मकर संक्रांति का मेला अस्पताल से लेकर ऊपर किले तक भरता था पहले ऐसी ही परंपरा थी परंतु समय बदलता गया मेला का स्वरूप बदलता गया फिर तत्कालीन नगर परिषद अध्यक्ष राजकुमार जैन के द्वारा परिषद में प्रस्ताव पास करके छोटी फील्ड अजय पाल स्टेडियम में मेला की दुकान लगना प्रारंभ किया। नगर परिषद अध्यक्ष सीता गुप्ता द्वारा बड़ी फील्ड



स्थित मकर संक्रांति का मेला लगवाना प्रारंभ किया पिछले वर्ष से बड़ी फील्ड में ही मकर संक्रांति का मेला लगता है जो बड़ी फील्ड से होकर अजय पाल किले मे अजय पाल मंदिर तक भरता है। बड़ी फील्ड स्थित लगने वाले मेले में स्थिति का जायजा लेने के लिए नगर परिषद अध्यक्ष सीता गुप्ता सीएमओ शशि कपूर गढपाले नगर परिषद अमले के साथ मेला परिसर का निरीक्षण किया और वहां पर उपस्थित दुकानदारों को भी उन्होंने समझाया कि नगर परिषद द्वारा टीन सेड की तीन तरफ से बंद करके दुकान बनाई जा रहे हैं जो दो साइज की होगी एक 10म 10 किराया 2500 रूपये एवं 15,.15 बड़ी दुकान का किराया 3500 रुपए 15 दिन के लिए नगर परिषद द्वारा निर्धारित किया गया है जिसमें लाइट एवं बनी हुई टीन सेड की दुकानें शामिल है।

छोटे-छोटे दुकानदार दिनभर खुले में बैच कर शाम को अपना सामान लेकर घर जाने वालों को भी खुला मैदान रखा गया है जिनसे 15 दिन के 300 रूपये लिए जाएंगे मेरी पहली प्राथमिकता है कि नगर में लगने वाला विशाल मकर संक्रांति का मेला व्यवस्थित और सुंदर लगे यही नगर परिषद की पहली प्राथमिकता है।

# केन्द्रीय राज्य मंत्री ने मिलेट्स फूड फेस्टिवल का किया शुभारंभ




नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 जनवरी। म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पन्ना एवं छतरपुर के संयुक्त तत्वाधान में पन्ना नेशनल पार्क के मड़ला प्रवेश द्वार पर सात दिवसीय मिलेट्स फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया है।**

केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने शनिवार को फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलन कर मिलेट्स फेस्टिवल का विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर लगाए गए फूड एवं अन्य स्थानीय उत्पादों के 14 स्टॉल का निरीक्षण कर स्वसहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया और इस आयोजन को सराहनीय बताया। समूह की महिलाओं द्वारा राज्य मंत्री श्री उईके को हस्तनिर्मित विभिन्न उत्पादों और बाजार में इनके विक्रय की कार्ययोजना के संबंध में अवगत कराया तथा आजीविका संबंधी गतिविधियों की जानकारी भी दी। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि एक स्थल पर समस्त उत्पादों के प्रदर्शन और विक्रय से स्थानीयजनों सहित पर्यटकों को भी सुविधा मिली है। वोकल फॉर लोकल की तर्ज पर शुद्ध खाद्य पदार्थ व उत्पादों के विक्रय से समूह की महिलाएं आार्थिक रूप से सशक्त होंगी। इस मौके पर केन्द्रीय राज्य मंत्री का आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही महिलाओं द्वारा स्थानीय खाद्य उत्पादों की टोकरी भी भेंट की गई।

### देशी भोजन एवं पारंपरिक व्यंजनों का उठाया लुत्फ

केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने मिलेट्स फूड फेस्टिवल के लोकार्पण पश्चात जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ देशी भोजन एवं पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इस दौरान महिलाओं के कौशल की प्रशंसा भी की तथा उपस्थितजनों से भी स्वसहायता समूह की महिलाओं के उत्साहवर्धन की अपील की। फूड फेस्टिवल में स्वसहायता समूहों की महिलाओं द्वारा श्रीअन्न जैसे कोदो, कुटकी, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अलसी सहित विभिन्न जैविक उत्पादों व उनसे बने स्वादिष्ट फूड आईटम्स का विक्रय किया जा रहा है। नेशनल पार्क भ्रमण पर आए पर्यटकों द्वारा भी मिलेट्स फूड फेस्टिवल की सराहना की गई। यह फेस्टिवल 15 जनवरी तक निरंतर जारी रहेगा।

# श्यामगिरि डैम के पास वन विभाग ने आयोजित किया अनुभूति नेचर कैंप

नवभारत न्यूज

**पन्ना 10 जनवरी। आज दक्षिण पन्ना वन मण्डल के कल्दा वन परिक्षेत्र अंतर्गत अनुभूति नेचर कैंप का आयोजन श्यामगिरि डैम के पास किया गया। यह कार्यक्रम वनमण्डल अधिकारी अनुपम शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।**

कार्यक्रम में उप वनमण्डल अधिकारी कल्दा नितिन निगम, प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक अंकुर गुप्ता, वन परिक्षेत्र अधिकारी कल्दा परिवेश सिंह भदौरिया, श्यामगिरि के सरपंच सत्यभान सिंह, कल्दा रेंज के वनकर्मी तथा क्षेत्र के शिक्षकगण उपस्थित रहे। कैंप का आयोजन मैं भी बाघ, हम हैं बदलाव और हम हैं धरती के दूत थीम पर किया गया, जिसका



उद्देश्य बच्चों में प्रकृति, पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना रहा। लगभग 133 छात्र-छात्राओं को अनुभूति कार्यक्रम के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए मिशन लाइफ के अनुरूप जीवनशैली अपनाने और प्रो प्लैनेट पीपल बनने के लिए प्रेरित किया गया। अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत पन्ना के असली हीरे पहल में विशेष अतिथि के रूप में संतोष पटेल, उप पुलिस अधीक्षक, कुमारी ओशी जैन, मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा 10 की राज्य स्तरीय मेरिट छात्रा तथा डॉक्टर अजय प्रताप सिंह, चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

अतिथियों ने बच्चों को नशे से दूर रहने, अनुशासित जीवन अपनाने तथा प्रतिदिन समर्पण के साथ पढ़ाई और मेहनत करने की प्रेरणा दी और अपने जीवन अनुभव साझा किए। लघु वनोपज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को ग्रैन्यूल्स, आंवला कैंडी, शहद की किट एवं अनुभूति पुस्तकें प्रदान की गईं। पक्षी दर्शन के दौरान विसलिंग डक, कॉर्मोरेंट, स्पॉटेड डव, किंगफिशर एवं आइबिस की जानकारी दी गई। मिशन लाइफ आधारित मौखिक क्विज का आयोजन कर बच्चों की जागरूकता बढ़ाई गई तथा अंत में छात्र-छात्राओं द्वारा अनुभूति थीम सॉन्ग की प्रस्तुति दी गई और सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। आयोजन को सफल बनाने में कल्दा परिक्षेत्र के वन कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# घायल युवक को 112 ने पहुंचाया अस्पताल

नवभारत न्यूज

**देवेन्द्रनगर/पन्ना 10 जनवरी। जिले के देवेंद्रनगर थाना क्षेत्रांतर्गत कोढ़नपुरवा रोड में फरियादी सुनील कुशवाहा पिता रामरतन कुशवाहा उम्र 25 वर्ष निवासी गढ़ीपड़रिया द्वारा डायल 112 पर सूचना दी गई कि किसी मोटर साइकिल द्वारा एक्सीडेंट कर दिया गया।**

सूचना मिलते ही एफआरवी वाहन क्रमांक 09 में प्रधान आरक्षक केपी सिंह यादव एवं पायलट नरेंद्र कुमार अहिरवार की तत्परता से घायल व्यक्ति सुनील कुशवाहा को देवेंद्रनगर अस्पताल लाया गया। जहां उसके पैर में अधिक चोट आने के कारण उसका इलाज करवाया गया। अन्य



एक घटना में विक्रम सिंह घोष पिता श्रीराम घोष निवासी भिलसाय को अज्ञात कार द्वारा टक्कर मार दी गई। जिससे विक्रम सिंह को पैर में चोट आई जिन्हें देवेंद्रनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी हैं।

# पहाड़ीखेरा उप लोक सेवा केंद्र का रात्रि में टूटा ताला

नवभारत न्यूज

**पहाड़ीखेरा/पन्ना 10 जनवरी। पहाड़ी खेरा लोक सेवा केंद्र का मध्य रात्रि को चोरों के द्वारा ताला तोड़कर लोक सेवा केंद्र के समान पर हाथ साफ कर दिया पन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पहाड़ी खेरा में उप लोक सेवा केंद्र संचालित है 8 जनवरी को शाम 5.00 बजे कंप्यूटर ऑपरेटर केंद्र में ताला बंद कर घर चली गई ।**

जब 9 जनवरी की सुबह 10.00 बजे सेंटर में पहुंची तो देखा कि केंद्र पर ताला टूटा हुआ है गेट खोलकर दफ्तर के अंदर जाकर देखा तो उसमें रखा सामान जैसे कंप्यूटर लैपटॉप दो प्रिंटर सीपीयू मॉनीटर सहित आधार सेंटर पर काम आने वाला पूरा सामान गायब था तथा दराज तोड़कर दराज में रखे पैसे भी ले गए जिसकी सूचना तत्काल केंद्र संचालक पन्ना निवासी दीप चंद्र अग्रवाल को दी गई उनके द्वारा सूचना अपने अधीनस्थ कार्यालय को व पुलिस चैकी को दी गई मौके पर आकर पुलिस प्रशासन के द्वारा जांच प्रारंभ कर दी गई है जैसा अन्य चोरियों के बाद होता है पर सवाल यह उठता है की पुलिस चैकी पहाड़ी खेरा वर्तमान में मात्र तीन ही लोगों पर 40 गांव की जनता की सुरक्षा निर्भर है चैकी प्रभारी एक




प्रधान आरक्षक एक आरक्षक के भरोसे चल रही है पहाड़ी खेरा चैकी जबकि तराई आंचल होने के साथ-साथ बॉर्डर से लगे होने के बावजूद भी यहां पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल मौजूद नहीं है जबकि पुलिस प्रशासन की गाइडलाइन के आधार पर एक उप निरिक्षक दो प्रधान आरक्षक पांच आरक्षक की तैनाती कागजी तौर पर अनिवार्य है किंतु तीन सुरक्षा कर्मियों के दम पर पुलिस चैकी का निर्वहन किया जा रहा है।

जबकि पहाड़ी खेरा से लगे हुए ग्रामीण गांव की संख्या 35 से 40 के करीब है ऐसे में जिला प्रशासन को चाहिए पहाड़ी खेरा पुलिस चैकी में पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराये जिससे कि आम जनता के जान,व माल की सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए चोरी की घटनाओं पर भी विराम लगाया जा सके कहनें को तो पहाड़ी खेड़ा में दो आरक्षक ड्यूटी पर तैनात है किंतु एक आरक्षक की ड्यूटी थाना बृजपुर के डायल 100 में रहती है। गौरतलब है ग्रामीण एवं आमजन पुलिस अधीक्षक पन्ना से अनुरोध करना चाहती है की पहाड़ी खेरा पुलिस चैकी में पर्याप्त स्टाफ की पूर्ति की जाए अन्यथा अपराध पर अंकुश लगाना बिना पर्याप्त स्टाफ की पुलिस बलके लिए असंभव है पुलिस चैकी पहाड़ी खेरा में तैनाती के आधार पर आधा स्टाफ भी नहीं है आम जनता चाहती है की स्टाफ की पूर्ति कर के रात्रि कालीन गस्त प्रारंभ कराई जाए जिससे अपराध में अंकुश लग सके अब देखना यह है की जिला पुलिस प्रशासन ग्रामीण जनता की मांग को को सुनती भी है या अनसुना करती है यह तो आने वाला पल ही बताएगा।